# अभ्यास प्रश्न-पत्र 2019-20

Class- X — Subject- हिन्दी 'अ'

Time 3 घंटे — Max. Marks - 80

| Q.No. | DESCRIPTION | M.M |
|---|---|---|
| | सामान्य निर्देश :-<br>1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।<br>2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।<br>3. यथा संभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए ।<br>4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए ।<br>5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए ।<br>6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए । | |
| | खंड - क<br>(अपठित-अंश) | **10** |
| प्रश्न सं 1. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 10 |
| | विज्ञान और जीवन का घनिष्ट संबंध होता है। विज्ञान ने ही मानव जीवन को सुखमय बनाया है। किसी विद्वान् का कहना है कि विज्ञान ने अंधों को आँखें और बहरों को सुनने के लिए कान दिए हैं। उसने जीवन को दीर्घ बनाया है और डर को कम कर दिया है। विज्ञान ने पागलपन को वश में कर लिया है और रोगों का नाश किया है। जहाँ पर मनुष्य को विज्ञान से इतने सुख मिले हैं वहीं पर दुःख भी प्राप्त हुए हैं। विज्ञान को मानव के लिए वरदान भी माना गया है और अभिशाप भी । विज्ञान ने मनुष्य को अनेक सुख प्रदान किये हैं। जीवन के प्रत्येक क्रियाकलाप में विज्ञान का योगदान रहा है। विज्ञान ने मनुष्य की कल्पनाओं को सच कर दिखाया है। विज्ञान ने भाप, अणुशक्ति को अपने वश में करके मनुष्य के जीवन में चार-चाँद लगा दिए हैं। विज्ञान ने हेलिकॉप्टर, हवाई जहाज जैसे यंत्रों का आविष्कार करके मनुष्य के सुख को चरम सीमा तक पहुँचा दिया है।विज्ञान ने मनुष्य को मनोरंजन के अनेक साधन प्रदान किये हैं। विज्ञान ने टेलीविजन, रेडियो, फोन, ग्रामोफोन, सिनेमा का आविष्कार करके मनुष्य के जीवन को बहुत ही रोचक बनाया है। आज हम विज्ञान की वजह से घर बैठे दूर-दूर के समाचारों को सुन और देख सकते हैं। विदेश में हो रहे कार्यक्रमों को भी हम घर बैठे आराम से देख सकते हैं। जहाँ पर सिनेमा को मनोरंजन के लिए प्रयोग किया जाता है वहीं पर दूसरी ओर सिनेमा को शिक्षा के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। | |
| I.<br>II.<br>III | विज्ञान ने ही मानव जीवन को सुखमय बनाया है। कैसे?<br>चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान के किन्हीं दो योगदानों को लिखिए ।<br>यातायात के क्षेत्र में विज्ञान का क्या योगदान हैं? | 2<br>2<br>2 |

| | | |
|---|---|---|
| IV<br>V<br>VI | विज्ञान के दो प्रमुख अभिशाप आप किसे मानते हैं?<br>आप विज्ञान के माध्यम से मनोरंजन कैसे करते हैं? एक उदाहरण दीजिए।<br>उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए। | 2<br>1<br>1 |
| | खंड 'ख' - व्यावहारिक व्याकरण<br>निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - | **16** |
| प्रश्न सं 2. | | 1x4 |
| I.<br>II.<br>III<br>IV | वह बाज़ार जाकर केले लाया । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>सूर्योदय हुआ और पक्षी बोलने लगे । (सरल वाक्य में बदलिए)<br>आपने कठिन परिश्रम किया और उत्तीर्ण हो गए । (मिश्र वाक्य में बदलिए)<br>जहाँ-जहाँ वह गया, उसका भव्य स्वागत हुआ । (उपवाक्य का भेद लिखिए)` | |
| प्रश्न सं 3. | वाच्य बदलिए - (कोई चार) - | 1x4 |
| I.<br>II.<br>III<br>IV | दिनेश चल नहीं पाता। (भाववाच्य में बदलिए)<br>दादी कहानी सुनाती है । (कर्मवाच्य में बदलिए)<br>मोनू द्वारा पतंग उड़ाया जा रहा है । (कर्तृवाच्य में बदलिए)<br>आज हमें विज्ञान पढ़ाया गया । (वाच्य की पहचान करके लिखिए) | |
| प्रश्न सं 4. | रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए - | 1x4 |
| I.<br>II.<br>III<br>IV | <u>वह</u> मुझसे दिल्ली में मिला था<br>तुम जाकर कबड्डी <u>खेलो</u> ।<br>भागकर <u>दुकान</u> से कॉफ़ी ले आओ ।<br><u>सूरदास</u> सगुण भक्तिधारा के संतकवि थे । | |
| प्रश्न सं 5. | निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -- | 1x4 |
| I.<br>II.<br>III<br>IV | श्रृंगार रस का स्थायी भाव क्या है?<br>'क्रोध' किस रस का स्थायी भाव है?<br>हास्य रस का एक उदाहरण लिखिए ।<br>बाल दसा मुख निरखि जसोदा पुनि पुनि बंद बुलावति<br>अंचरा तर ले ढँकी सूर के प्रभु को दूध पियावति । (रस की पहचान कर लिखिए) | |
| | खंड ग, पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पुस्तक | **34** |
| प्रश्न सं 6. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 6 |
| | अवधी पारंपरिक लोकगीतों एवं चैती में शहनाई का उल्लेख बार-बार मिलता है। मंगल का परिवेश प्रतिष्ठित करने वाला यह वाद्य इन जगहों पर मांगलिक विधि-विधानों के अवसर पर ही प्रयुक्त हुआ है । दक्षिण भारत में मंगल वाद्य 'नागस्वरम' की तरह शहनाई प्रभाती की मंगल-ध्वनि का संपूरक रहा है । शहनाई के इसी मंगल ध्वनि के नायक बिस्मिल्ला खां साहब अस्सी बरस से सुर माँग रहे है । सच्चे सुर की नेमत । अस्सी बरस की पाँचों वक्त की नमाज़ इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है । लाखों सजदे इसी सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं ।वे नमाज़ के बाद सजदे में गिडगिडाते हैं - मेरे मालिक एक सुर बक्श दे । | |

| | | |
|---|---|---|
| I. | शहनाई को किस प्रकार का वाद्य कहा गया है और क्यों? | 2 |
| II. | बिस्मिल्ला खां साहब अपने सजदे में क्या मांगते हैं? | 2 |
| III | दक्षिण भारत में शहनाई किसका संपूरक रहा है? | 2 |
| प्रश्न सं 7. | निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - | 2x4=8 |
| I. | सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे? | 2 |
| II. | भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त कीं? | 2 |
| III | बिना विचार,घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है\| यशपाल के इस विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं? | 2 |
| IV | फादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी? | 2 |
| V | लेखिका की अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने शब्दों में लिखिए\| | 2 |
| प्रश्न सं 8. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 6 |
| | माँ ने कहा पानी में झाँककर<br>अपने चेहरे पर मत रीझना<br>आग रोटियां सेकने के लिए है<br>जलने के लिए नहीं<br>वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह<br>बंधन हैं स्त्री जीवन के<br>माँ ने कहा लड़की होना<br>पर लड़की जैसे दिखाई मत देना । | |
| I. | माँ ने अपनी बेटी को क्या सीख दी? | 2 |
| II. | स्त्री जीवन के बंधन किसे कहा गया है? | 2 |
| III | ‘आग रोटियां सेकने के लिए है जलने के लिए नहीं, का क्या आशय है ? | 2 |
| प्रश्न सं 9 | निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - | 2x4=8 |
| I. | उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है? | 2 |
| II. | परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए? | 2 |
| III | ‘फसल’ कविता में कवि के अनुसार फसल क्या है? | 2 |
| IV | ‘छाया मत छूना’ कविता में कवि ने कठिन यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है? | 2 |
| V | संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है? | 2 |
| प्रश्न सं 10 | निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए | 3x2=6 |
| I | ‘साना-साना हाथ जोड़ि’ पाठ में वर्णित प्राकृतिक सौंदर्य को अपने शब्दों में लिखिए | |
| II | ‘माता का अँचल’ पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है? अपने शब्दों में लिखिए\| | |
| III | जॉर्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या यत्न किए ? | |
| | खंड घ - रचनात्मक लेखन | **20** |
| प्रश्न सं 11 | दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 200-250 शब्दों में निबंध लिखिए - | 10 |

| | | |
|---|---|---|
| | **(क) युवाओं में मोबाईल फोन के प्रति बढ़ता लगाव**<br>प्रस्तावना<br>लगाव के कारण<br>मोबाईल फोन के लाभ-हानि<br>उपसंहार<br>**(ख) मेरे विद्यालय का वार्षिकोत्सव**<br>प्रस्तावना<br>आयोजन का स्वरुप<br>वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण<br>उपसंहार<br>**(ग) समाज निर्माण में नारियों की भूमिका**<br>प्रस्तावना<br>समाज में नारियों की बदलती भूमिका<br>आज के समाज में नारियों की स्थिति<br>उपसंहार | |
| प्रश्न सं 12 | अपने क्षेत्र में आ रहे गंदे पानी की शिकायत करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>प्लास्टिक/पोलीथिन के उपयोग न करने की सलाह देते हुए छोटे भाई को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए । | 5 |
| प्रश्न सं 13 | किसी एक विषय पर 20-25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए -<br>अपने विद्यालय में स्वच्छता अभियान,<br>अथवा<br>'अपना मन पसंद टूथपेस्ट' | 5 |

****************